# कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

## कार्यालय आदेश

राजस्थान शिक्षा (राज्य एवं अधीनस्थ) सेवा नियम–2021 के नियम 31 (ख) के प्रावधानान्तर्गत प्रधानाचार्य–उमावि एवं समकक्ष पद पर वर्ष 2022–23 की रिक्तियों के विरूद्ध आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक की कार्यवाही मे की गई अनुशषांओं के आधार पर इस कार्यालय के आदेशांक : शिविरा– माध्य/संस्था–डीपीसी/ प्रभाग–2/ प्राचार्य/2022–23 ( ) **दिनांक 19.06.2023 एवं 09.06.2023** द्वारा चयन किये जाने पर निम्नांकित कार्मिकों को इनके नाम के सम्मुख अंकित स्थान पर काउन्सलिंग के माध्यम से प्राचार्य–उमावि एवं समकक्ष (पे–लेवल 16) में पदोन्नति पर पदस्थापित किया जाता है :–

| S. N | SNR. NO. | SUB SNR NO. | SNR. YEAR | NAME | DOB | PRESENT POSTINSG PALACE/SCHOOL | DIST. | POSTING PALACE ON PERMOTION | ALLOTED DIST. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 881 | 0 | 2022-23 | PRAKASH CHANDRA MEENA | 25-07-1967 | SANT SHIROMANI NARAYAN DAS GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DHOULA (218637) BLOCK JAMWA RAMGARH | JAIPUR | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL AMIRAMA (224400) | CHITTAURGARH |
| 2 | 1799 | 0 | 2022-23 | BHAG CHAND GURJAR | 02-10-1979 | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL VARLI (213859) BLOCK PINDWARA | SIROHI | GOVT. SENIOR SECONDARY SCHOOL DHANGA (226917) | SIROHI |

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक एफ.7(1)कार्मिक/क–2/95/पार्ट जयपुर, दिनांक 16.03.2023 के प्रावधानान्तर्गत यदि किसी चयनित अभ्यर्थी के दिनांक 01 जून, 2002 अथवा उसके पश्चात संतानोत्पति के फलस्वरूप दो से अधिक संतान हो, एवं तत्समय 02 से अधिक संतान होने संबंधी सूचना के अभाव में उन्हे चयन हेतु अपात्र नही माना गया हो तो, ऐसे अभ्यर्थी चयन तिथि के तीन पश्चातवृत्ति वर्षो के लिए वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु काल्पनिक रूप से हकदार होगे और ऐसे तीन वर्षो के पश्चात उसे ऐसी काल्पनिक वेतन वृद्धियों के लिए कोई बकाया संदत्त नही किया जायेगा।

नियन्त्रण अधिकारी कार्यमुक्त/कार्यग्रहण कराने से पूर्व पदोन्नत कार्मिक के नाम, वरिष्ठता क्रमांक/वर्ष, वर्तमान धारित पद , जन्म तिथि एवं धारित अर्हता एवं विभागीय जांच (सीसीए नियम 16 व 17 में) बकाया नहीं होने का मिलान कर पुष्टि करेंगे, तथा यह भी सुनिश्चित करेगें कि कार्मिक का वरिष्ठता वर्ष वर्तमान कार्यरत मण्डल का ही हो, अन्यथा स्थिति में कार्यग्रहण/कार्यमुक्त नही करते हुए निदेशालय को रजिस्टर्ड डाक से एवं विभागीय ई–मेल absecsecedu@gmail.com पर तुरंत सूचित करेंगे।

संबंधित अधिकारी नियत **दिनांक 07-08-2023** तक पदोन्नति पदस्थापन के स्थान पर आवश्यक रूप से कार्यग्रहण करेगें। लोकसेवक अगर पदोन्नति का परित्याग करना चाहे तो उसे अपने नियन्त्रण अधिकारी को नियत दिनांक से एक दिवस पूर्व लिखित में आवेदन करना होगा अन्यथा उन्हें नियन्त्रण अधिकारी द्वारा कार्यमुक्त किया जावेगा। नियन्त्रण अधिकारी निर्धारित तिथि से एक दिवस पूर्व आवश्यक रूप से पदोन्नत कार्मिक को पदोन्नति पदस्थापित स्थान हेतु कार्यमुक्त करने के लिए उत्तरदायी होगें । कार्यभार ग्रहण करने/पदोन्नति परित्याग की सूचना नियन्त्रण अधिकारी(संस्था प्रधान) द्वारा कार्यग्रहण करने की अंतिम तिथि के आगामी दिवस को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से निदेशालय को जरिये रजिस्टर्ड डाक/ई–मेल सूचित करेंगे।

Education Department
सत्यमेव जयते

(काना राम)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

क्रं : शिविरा–मा/संस्था/बी1–बी2/45005/प्राचार्य/डीपीसी–पदस्थापन/2022–23/2023/E-06062/ दि0 :

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही बाबत प्रेषित है :–

1- विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा मंत्री राजस्थान–सरकार, जयपुर
2- विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्यमंत्री राजस्थान–सरकार, जयपुर
3- निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रा0 शि0) विभाग राजस्थान सरकार जयपुर।
4- उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप–2)/कार्मिक (क–5)विभाग, राजस्थान, जयपुर
5- सचिव, राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर
6- समस्त संयुक्त निदेशक–स्कूल शिक्षा/ मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी।
7- समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारंभिक।
8- संबंधित मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सम्बन्धित ब्लॉक।
9- संबधित संस्था प्रधान को कार्मिक से सम्बन्धित, वर्णित प्रविष्टियों की जांच उपरान्त पालनार्थ।
10- संबंधित पदोन्नत कार्मिक को पाबन्द किया जाता है कि नवीन पदस्थापित स्थान पर कार्यग्रहण के साथ उपरोक्त निर्देशानुसार शाला दर्पण में अपने से संबंधित आवश्यक प्रपत्रों की पूर्ति आवश्यक रूप से करेगें ।
11- सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्युटर अनुभाग को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड किये जाने हेतु
12- सहायक निदेशक वरिष्ठता/गोपनिय प्रतिवेदन/वि0 जांच/डीपीसी/संस्था–सी ओ.सी अनुभाग कार्यालय हाजा
13- निजी एवं रक्षित पत्रावली

Signature valid
Digitally signed by Kana Ram
Designation : संयुक्त निदेशक–कार्मिक
Date: 2023.07.23 12:59:29 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No. : 4328215